




नवभारत 08
ग्वालियर, सोमवार, 6 अक्टूबर, 2025


## भिंड में कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 5 अक्टूबर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'वोट चोर गद्दी छोड़' राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत रविवार को भिंड शहर के वार्ड नंबर 2 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर आम नागरिकों से कांग्रेस द्वारा निर्धारित फार्म पर हस्ताक्षर कराए और उन्हें वोट चोरी के मुद्दे से अवगत कराया।

जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 'पिंकी' ने बताया कि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने और जनता के अधिकारों को छीनने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर एक ही समय में वोट काटने और जोड़ने की घटनाएं हो रही हैं। एक कमरे में 80 वोटर और एक इमारत में 3000 से ज्यादा वोटर दर्ज किए गए हैं, जो असंभव है। यह दर्शाता है कि योजनाबद्ध तरीके से वोट चोरी की जा रही है, उन्होंने कहा।

**जनता को बताया गया वोट चोरी का तरीका :** कांग्रेस पदाधिकारियों ने वार्डवासियों को समझाया कि किस प्रकार मतदाता सूची में धांधली करके लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के वोट का कोई महत्व नहीं रह गया है, क्योंकि भाजपा सत्ता के लालच में फर्जी मतदाता बनवाकर जनादेश को हाईजैक कर रही है। नेताओं का कहना था कि वोट चोरी करना, लोकतंत्र की हत्या करना है। जब आम जनता का वोट सुरक्षित नहीं रहेगा तो लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हो जाएंगी। उन्होंने जनता से अपील की कि इस लड़ाई में बढ़-चढ़कर साथ दें और हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाएं।

**कांग्रेस का संकल्प :** कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह अभियान पूरे जिले और प्रदेश में लगातार जारी रहेगा। इसका उद्देश्य भाजपा की कथित वोट चोरी की पोल खोलना और जनता को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जब तक जनता के मतों की सुरक्षा और लोकतंत्र की मर्यादा बहाल नहीं होगी, तब तक कांग्रेस इस आंदोलन को जारी रखेगी।







# दीपावली से पहले सदर बाजार में कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 5 अक्टूबर।** दीपावली का त्यौहार नजदीक आते ही शहर का सबसे व्यस्ततम इलाका सदर बाजार प्रशासन की सख्ती की जद में आ गया। नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने

**48 दुकानदारों के चालान, 11,500 रुपए का जुर्माना वसूला**

गुरुवार को सदर बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखे गए सामान को जब्त कर लिया गया और 48 दुकानदारों के चालान काटकर 11,500 रुपए का राजस्व वसूला गया।

**त्योहार पर बढ़ी भीड़, बाजार में बढ़ा अतिक्रमण :** दीपावली की खरीदारी के चलते इन दिनों सदर बाजार में भारी भीड़ उमड़ रही है। रोजाना हजारों लोग यहां खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। त्योहार की भीड़ को देखते हुए दुकानदार अपनी दुकान के बाहर सड़क तक सामान फैलाकर बेचने लगे थे। इससे पैदल चलने वालों और वाहनों के आवागमन में बड़ी दिक्कत हो रही थी। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि दुकानों के बाहर फैले सामान और ठेले-खोमचों की वजह से बाजार में जाम की स्थिति बन रही है।

**संयुक्त टीम ने संभाली मोर्चा :** इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका और पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाने का निर्णय लिया। रविवार को सीएसपी निरंजन राजपूत, सिटी कोतवाली टीआई बृजेंद्र सेंगर, देहात टीआई मुकेश शाक्य, एसआई देवीदीन अनुरागी और एसआई शोहनीश तोमर पुलिस बल के साथ बाजार पहुंचे। वहीं, नगर पालिका की ओर से आरआई दिव्या यादव, स्वच्छता निरीक्षक रविंद्रपाल सिंह भदौरिया, विक्रम सोनी, रामनरेश शाक्य, भीमसेन श्रीवास सहित पूरी टीम मौजूद रही। संयुक्त टीम ने बाजार में दुकानों के बाहर रखे कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान, मिठाई के डिब्बे और सजावट का सामान जब्त किया। साथ ही दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण करते पाए गए तो बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**आमजन को मिली राहत :** अभियान के बाद सदर बाजार की मुख्य सड़क पर आवागमन कुछ हद तक सुगम हो गया। पैदल चलने वालों और खरीदारों ने राहत की सांस ली। खरीदारों ने कहा कि त्योहार पर खरीदारी के लिए आने पर बाजार में धक्का-मुक्की और जाम की समस्या आम हो गई थी। अतिक्रमण हटाने से स्थिति में सुधार हुआ है।

**दुकानदारों में हड़कंप**

अचानक हुई कार्रवाई से सदर बाजार के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार हड़बड़ाहट में अपना सामान समेटने लगे। वहीं, जिन दुकानदारों ने सड़क और फुटपाथ पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था, उनका सामान जब्त कर नगर पालिका के वाहन में भर लिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि दीपावली और अन्य त्योहारों को देखते हुए बाजार में भीड़ और बढ़ने वाली है। अगर अतिक्रमण हटाया नहीं गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अब सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

**प्रशासन की सख्त चेतावनी**

नगर पालिका और पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि अब किसी भी हाल में दुकानों के बाहर सामान रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दीपावली से पहले और बाद में भी नियमित रूप से निरीक्षण किया जाएगा। अगर कोई दुकानदार अतिक्रमण करता पाया गया तो उसके खिलाफ न केवल चालान किया जाएगा बल्कि लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा सकती है। दीपावली की चहल-पहल के बीच सदर बाजार में की गई इस कार्रवाई से जहां प्रशासन ने अपनी सख्ती का परिचय दिया, वहीं आमजन ने भी राहत महसूस की।

## पुलिस पेंशनर संघ का तृतीय स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 5 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर संघ के तृतीय स्थापना दिवस पर पुलिस पेंशनर संघ जिला इकाई भिंड द्वारा गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ

**भिंड में वयोवृद्ध सम्मानित**

की ओर से जिले के वरिष्ठ सदस्य हुकुमचंद जसोरिया को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में संघ के जिलाध्यक्ष राम प्रकाश बघेल ने उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस पेंशनर संघ न केवल सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकजुट करने का कार्य कर रहा है, बल्कि सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय योगदान दे रहा है।

इस अवसर पर वक्ताओं ने पेंशनरों की भूमिका और उनके अनुभवों को समाज एवं पुलिस परिवार के लिए अमूल्य बताया। उन्होंने कहा कि पेंशनर समाज की दिशा और दशा सुधारने में मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते हैं। स्थापना दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस पेंशनर, पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मौत का हाइवे 719 और न जाने कितनी जानें लेगा

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 5 अक्टूबर।** नेशनल हाईवे-719 पर आये दिन हो रही दुर्घटनाओं में मानव एवं गौ माताओं की दुर्भाग्यपूर्ण मौतों को रुकने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल

**एक माह में ठोस कार्यवाही शुरू नहीं हुई तो जिला कांग्रेस करेगी बड़ा जनांदोलन**

ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी,मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,भिंड-दतिया की सांसद श्रीमती संध्या राय को पत्र लिखा।

श्री बघेल ने कहा कि नेशनल हाईवे- 719 ग्वालियर से इटावा



इतना सकरा मार्ग है,कि जिस पर सैकड़ों गायों की दुर्घटना में हत्या हो चुकी है,सैकड़ों महिलाओं के माथे का सिन्दूर उजड़ गया है। बड़ी संख्या में माताओं ने अपने बच्चों को खो दिये हैं। कई नाबालिग बच्चे असमय काल के गाल में समा गये हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में सामूहिक हत्याओं का दृश्य देखकर मानवता कांपने लगती है। घायलों का करुण क्रन्दन,कराहने की आवाजें मानव हृदय को झकझोर देती हैं,पर केंद्र एवं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बैठे हुए मंत्री गण एवं भिंड दतिया की सांसद,विधायक और इनके नेता गण इतने निष्ठुर हो चुके है, कि इन्हें माताओ, बहिनों, महिलाओं, पिताओं और मासूम बच्चों की दर्द में डूबी करुण पुकारो से भी कोई फर्क नहीं पड़ रहा है,भाजपाई नेता पूरी तरह सत्ता के नशे में चूर हो चुके हैं।

श्री बघेल ने कहा कि आम जनता की पीड़ा के निवारण का एक मात्र उपाय एनएच - 719 ग्वालियर से इटावा तक सिक्स लाइन के निर्माण की प्रक्रिया अतिशीघ्र शुरू करना होगा। उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर पूजनीय सन्त समाज,समाजसेवी संगठन,पूर्व सैनिकों एवं प्रबुद्ध नागरिक आन्दोलन कर चुके हैं,और कांग्रेस पार्टी भी इस विषय को समय समय पर उठाती रही है,लेकिन अभी तक खोखले आश्वासन ही मिलते रहे। मात्र आश्वासन से समस्या का समाधान संभव नहीं है।

बघेल ने सड़क एवं परिवहन केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी,मुख्यमंत्री और भिंड-दतिया की सांसद श्रीमती राय को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक माह की समय सीमा में ग्वालियर से इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग-719 पर निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं हुई तो जिला कॉग्रेस कमेटी भिण्ड जनता की पीड़ा के निवारण हेतु बड़ा जन आन्दोलन करेगी,जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

**– पंकज त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी**
**जिला कांग्रेस कमेटी, भिण्डा**

## संघ शताब्दी वर्ष पर भिंड में पथ संचलन का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 5 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर चुका है। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयदशमी उत्सव पर रविवार को जिलेभर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। भिंड

**संगठन और राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश**

नगर की आदर्श बस्ती, दयानंद बस्ती, बिस्मिल बस्ती एवं अकोड़ा नगर के साथ-साथ गिगरखी, कोंहार, परोसा सहित अनेक मंडल एवं वस्ती स्थलों से स्वयंसेवकों ने अनुशासित पंक्तिबद्ध स्वरूप में पथ संचलन निकाला।



शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज के साथ कदमताल मिलाते हुए समाज को एकता और अनुशासन का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन और दर्शक मार्गों के दोनों ओर उपस्थित होकर कार्यक्रम के साक्षी बने।

**मुख्य वक्ताओं का उद्बोधन :** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित तिलक राज दागी ने कहा कि रचनात्मक एवं सकारात्मक कार्यों से संघ का कार्य सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी बन चुका है। संघ व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज को संगठित करता है और संगठित समाज ही परम वैभवशाली राष्ट्र के निर्माण का आधार बनता है। वहीं, संघ के पदाधिकारी राघवेंद्र त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए पंच परिवर्तन आवश्यक हैं। इनमें कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी का पालन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक शिष्टाचार प्रमुख हैं। इन सिद्धांतों के माध्यम से ही हम समाज को नई दिशा देकर अपने राष्ट्र को शक्तिशाली और परम वैभवशाली बना सकते हैं।

**समाज परिवर्तन का संदेश :** वजयदशमी के इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने न केवल अनुशासन और संगठन का परिचय दिया, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी किया।

वक्ताओं ने कहा कि आज आवश्यकता है कि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में संघ के आदर्शों और मूल्यों को अपनाए, जिससे राष्ट्र एकजुट होकर विकास और समरसता की ओर अग्रसर हो सके।

**लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता**

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासियों ने पथ संचलन का स्वागत पुष्पवर्षा और जलपान की व्यवस्थाओं से किया। बच्चों और युवाओं ने भी पथ संचलन को विशेष उत्साह के साथ देखा।

## पकी फसल और किसानों की उम्मीद पर फिरा पानी

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 5 अक्टूबर.** इस साल भी अन्नदाता किसानों के साथ प्रकृति क्रूर मजाक कर रही है. जब फसलों को पानी की जरूरत थी तब बादलों ने चुप्पी साध रखी. जैसे- तैसे फसल पककर कटने को तैयार हुई वैसे ही बादलों ने बरसते हुए किसानों के ऊपर वज्रपात सा कर दिया है. बारिश के चलते खेतों में पानी भरा गया है. फसलों के गलने के हालात निर्मित हो गए हैं. ऐसे में किसान मायूस होकर अपनी बदकिस्मती को कोसने के सिवा क्या कर सकते हैं.

इस साल सोयाबीन की अच्छी पैदावार की संभावना किसान जता रहे थे, लेकिन कटाई के दौरान हो रही बारिश से किसानों की उम्मीद पर पानी फिर गया.लगातार बारिश से खेतों में अब भी पानी भरा हुआ है. ऐसे में कई जगह खेत में ही कटी पड़ी सोयाबीन भीग गई. बारिश के बाद तेज धूप के कारण सोयाबीन की फलियां फूटने और दाना गिरने की आशंका बढ़ गई है.इससे सोयाबीन दागी होने और फली में ही अंकुरित होने की स्थिति बन रही है. ऐसे में किसानों को उपज का सही दाम नहीं मिलेगा. शनिवार को हुई बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान इछावर क्षेत्र में हुआ है. यहां किसान प्रवेश वर्मा ने 30 क्विंटल सोयाबीन खेत पर पन्नी बिछाकर सुखाने रखी थी. अचानक शनिवार की दोपहर के समय बारिश शुरु हो गई. स्थिति यह बनी कि वह उपज समेट भी नहीं पाए और सूख रही पूरी फसल भीग गई.नतीजतन पूरा सोयाबीन खराब हो गया. प्रवेश वर्मा ने बताया कि बारिश में भीगने के बाद सोयाबीन फलियों में दाने अंकुरित होने लगे हैं. कहीं-कहीं दाना सफेद होकर फूल गया है. वहीं 30 क्विंटल सोयाबीन दागी होने के साथ ही कलर बदल गया, जो अब मंडी में कम दाम पर बिकेगी. इधर मौसम विभाग का मानना है कि अभी 48 घंटे और अंचल में बारिश हो सकती है. ऐसे में अभी फसलों की तबाही से और इंकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि लगातार बिगड़े मौसम को देखते हुए किसान बारिश थमने और खेतों के सूखने का इंतजार कर रहा है. वहीं मौसम विभाग की मानें तो हवा का रुख बार-बार बदल रहा है, ऐसे में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश की संभावना बनी है. बीते 24 घंटे के दौरान रविवार सुबह 8 बजे तक जिले में 6.5 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई.

बारिश का क्रम ऐसे ही जारी रहा तो हालात और खराब होंगे. कि सोयाबीन दागी होने से बाजार में इसके दाम बहुत कम मिलेंगे. किसानों का मानना है कि सोयाबीन में लागत लगातार बढ़ गई है. ऐसे में दाम कम मिलने से लागत भी पूरी नहीं निकलेगी.

## स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस पर विशेष सफाई अभियान चलाया

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 5 अक्टूबर।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत रविवार को झांसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के प्रमुख स्टेशनों वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, छतरपुर, महोबा, डबरा एवं बांदा पर यात्री गाड़ियों की गहन सफाई कर यात्रियों को स्वच्छ एवं सुखद यात्रा वातावरण उपलब्ध कराया गया।




अभियान के दौरान मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा केवल एक औपचारिक अभियान नहीं है, बल्कि यह सतत जनआंदोलन है। इसमें रेल परिवार और यात्री मिलकर भागीदारी निभा रहे हैं। स्वच्छ रेलगाड़ियाँ ही स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करेंगी।

झांसी मंडल उत?तर मध?य रेलवे में पदस?थ जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के अंतर्गत वंदे भारत, इंटरसिटी और मेमू जैसी गाड़ियों के कोच, टॉयलेट, वॉशबेसिन, सीढ़ियां, खिड़कियां, पंखे और लाइटों की विशेष सफाई की गई।

प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेनों की बाहरी धुलाई, कचरा निष्पादन एवं दुर्गंध नाशक दवाओं का छिड़काव भी किया गया। ग्वालियर स्टेशन पर खड़ी विभिन्न गाड़ियों में बड़े पैमाने पर सफाई कार्य किया गया। महोबा स्टेशन पर उदयपुर-खजुराहो इंटरसिटी के कोचों की विशेष देखरेख की गई, जबकि छतरपुर, डबरा और बांदा स्टेशनों पर रेलकर्मियों ने टॉयलेट एवं अन्य स्थलों की सूक्ष्म सफाई कर यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित कीं।

रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वयं सफाई कार्यों में भाग लिया और यात्रियों को भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जागरूकता संदेश, पोस्टर एवं घोषणाओं के माध्यम से यात्रियों को सफाई अभियान से जोड़ा गया।

## अटेर पुलिस ने अंगदपुरा चोरी का किया खुलासा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 5 अक्टूबर।** अटेर थाना पुलिस ने ग्राम अंगदपुरा में हुई बड़ी चोरी का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और लगातार की गई कार्रवाई के आधार

**तीन लाख के आभूषण बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार**

पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद कर लिया है। बरामद आभूषणों की कीमत लगभग तीन लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं, दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।



अटेर एसडीओपी रविंद्र वास्कले ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 अप्रैल की रात ग्राम अंगदपुरा निवासी फरियादी के घर अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर सोना-चांदी के आभूषण और नगद रकम चोरी कर ली थी। फरियादी ने 24 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि चोर घर से एक जोड़ी झुमकी, दो अंगूठी, एक सोने की जंजीर, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया, एक सोने का रानी हार, एक मंगलसूत्र, चार सोने की चूड़ियां और 40 हजार रुपए नगद समेत घर में रखा इंडक्शन चूल्हा, फ्रिज से दो किलो घी चोरी कर ले गए। इस पर थाना अटेर में अपराध क्रमांक 65/25 धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

**उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई :** चोरी के इस गंभीर प्रकरण पर एसपी डॉ. असित यादव, एएसपी संजय पाठक और एसडीओपी अटेर रविंद्र वास्कले के मार्गदर्शन में अटेर निरीक्षक रामनरेश यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र के माध्यम से लगातार निगरानी की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने एक आरोपी को दबोच लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी गया कुछ सामान बरामद किया गया। आरोपी से बरामदगी में एक जोड़ी झुमकी, दो अंगूठी, एक सोने की जंजीर और एक